दैनिक भास्कर 04/05/2024

दूरदर्शन चैनल पर दी हरियाणवी आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति

अम्बाला | गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के डॉ. चंद्रपाल पुनिया के निर्देशन में संगीत विभाग एवं सांस्कृतिक समिति के छात्रों ने दूरदर्शन पर शानदार हरियाणवी आर्केस्ट्रा प्रस्तुत कर कॉलेज व जिले का नाम रोशन किया है। इस प्रस्तुति द्वारा छात्रों ने अपनी उच्च स्तरीय कला का प्रदर्शन कर प्रशिक्षकीय दक्षता का परिचय दिया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने सभी प्रतिभागियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया। डॉ. रोहित ने संगीत वादन विभागाध्यक्ष डॉ. चंद्रपाल पूनिया को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई भी दी। डॉ. चंद्रपाल पूनिया ने कहा कि भविष्य में भी हमारे विद्यार्थी ऐसे कीर्तिमान स्थापित करते रहेगें। मौके पर सांस्कृतिक विभाग के अधिष्ठाता डॉ. राजेंद्र कुमार व संगीत गायन विभाग की अध्यक्षा डॉ. मनजीत कौर और तरणबीर सिंह ने मौजूद रहे।